भोपाल विमानतल पर जारी विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु श्री जे. टी. राधाकृष्ण, क्षे. कार्य. निदेशक प. क्षे. द्वारा दिनांक 19.10.2022 को भोपाल विमानतल का दौरा किया गया। श्री रामजी अवस्थी, निदेशक विमानपत्तन द्वारा उनकी आगवानी अनुभाग प्रभारियों के साथ की गई। विमानपत्तन निदेशक द्वारा विमानतल पर जारी विभिन्न परियोजनाओं के बारे में अधिकारीगण को अवगत कराया गया। क्षे.का.नि. द्वारा निर्माणाधीन नवीन ATC टावर, कार्गो कॉम्प्लेक्स की साईट विजिट कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली गई एवम कार्य को समय सीमा में पूर्ण किए जाने संबंधित निर्देश दिए गए।







